लिखने वाले तू लिख दे,
किस्मत में तेरा प्यार,
मुझको मिल जाए बाबा,
मुझको मिल जाए बाबा,
तेरा दीदार,
लिखने वाले तु लिख दे,
किस्मत में तेरा प्यार।।

तर्ज किस्मत वालों को मिलता है।

जिसके सर पे हाथ तुम्हारा है,
रोशन उसका आज सितारा है,
किस्मत तेरे हाथ में मेरी है,
लिख डालो तक़दीर क्या देरी है,
तेरी किरपा का बाबा,
तेरी किरपा का बाबा मैं हूँ हक़दार,
लिखने वाले तू लिख दे,
किस्मत में तेरा प्यार।।

मुझको अपनी पतंग बना लो ना,
जैसे चाहे डोर हिला लो ना,
थामे रखना ये उड़ जाएगी,
छोड़ ना देना ये कट जाएगी,
मैंने सौंपी है तुमको,
मैंने सौंपी है तुमको डोरी सरकार,

लिखने वाले तु लिख दे,
किस्मत में तेरा प्यार।।

प्यार तेरा जो मुझको मिल जाए,
बाल कोई बांका ना कर पाए,
हर्ष कहे उपहार मुझे दे दो,
बेटे को अब प्यार जरा दे दो,
मुझको है खाटु वाले,
मुझको है खाटु वाले तेरी दरकार,
लिखने वाले तु लिख दे,
किस्मत में तेरा प्यार।।

लिखने वाले तू लिख दे,
किस्मत में तेरा प्यार,
मुझको मिल जाए बाबा,
मुझको मिल जाए बाबा,
तेरा दीदार,
लिखने वाले तु लिख दे,
किस्मत में तेरा प्यार।।

Source:
https://www.bharattemples.com/likhne-wale-tu-likh-de-kismat-me-tera-pyar/

Complete Bhajans Collections - Download Free Android App
https://play.google.com/store/apps/details?id=com.numetive.bhajans

Facebook: https://www.facebook.com/bharattemples/
Telegram: https://t.me/bharattemples
Youtube: https://www.youtube.com/channel/UC24oJCxZJyhhKzSUD-Lt9Tw